# बिहार सरकार
# निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

फोन नं0 :– 0612–2217352
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– ceo_bihar@eci.gov.in


## 10वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 2020 के अवसर पर प्रेस विज्ञप्ति

- भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को हुई थी। आयोग के स्थापना दिवस 25 जनवरी को प्रत्येक वर्ष ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' के रूप में मनाने का निर्णय आयोग द्वारा वर्ष 2011 में लिया गया था।
- ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' का प्रमुख उद्देश्य भारत के सभी नागरिक, जो निर्वाचक सूची में पंजीकरण हेतु योग्य हैं, का निर्वाचक सूची में शत–प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाना तथा निर्वाचन में उनकी शत–प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कराना है।
- इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस का थीम सशक्त लोकतंत्र के लिए निर्वाचन साक्षरता (**Electoral Literacy for Stronger Democracy**) है।
- आज के इस राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण सभी Social Media Platform (Facebook, Twitter, Youtube) से किया जा रहा है एवं सभी जिलों के मुख्य कार्यक्रम का प्रसारण संबंधित जिले के Social Media Platform से किया जा रहा है।
  - Elector's Verification Program (EVP) के तहत बिहार राज्य के सभी 243 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष सत्यापन अभियान चलाकर शत–प्रतिशत निर्वाचकों का सत्यापन कराया गया।
  - मतदान के समय निर्वाचकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी मतदान केन्द्रों पर AMF के तहत रैम्प एवं रेलिंग, शौचालय, पेयजल, रोशनी, शेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।
  - राज्य में अबतक 6,42,658 PwDs (Persons with Disability) मतदाताओं को श्रेणीवार चिन्हित किया जा चुका है। उन्हें मतदान के दिन घर से मतदान केन्द्र पर लाने, सुविधापूर्वक मतदान कराने एवं वापस घर तक पहुँचाने की सभी आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। साथ ही उनकी सहायता हेतु स्वंयसेवकों एवं Wheel Chair की भी व्यवस्था की जा रही है।
  - अर्हता तिथि 01.01.2020 के संदर्भ में निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 16.12.2019 को निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया है एवं दिनांक 15.01.2020 तक दावा आपत्ति से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त किये गये हैं, जिनका निष्पादन 27.01.2020 तक किया जाना है। निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 07.02.2020 को निर्धारित है।
  - निर्वाचक सूची में पंजीकरण तथा चुनाव प्रक्रिया एवं मतदान से संबंधित किसी भी प्रकार के शिकायत का पंजीकरण एवं निष्पादन हेतु राज्य स्तर पर Toll Free Number 18003451950 एवं जिला स्तर पर Toll Free Number 1950 की सुविधा ''मतदाता सहायता केन्द्र'' के रूप में उपलब्ध है, जो सभी कार्यदिवस में कार्यालय अवधि में कार्यरत है। उक्त दूरभाष संख्या पर कोई

भी व्यक्ति निर्वाचक सूची, मतदान केन्द्र एवं निर्वाचन से संबंधित अन्य सभी सूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं।

- Electoral Literacy कार्यक्रम के तहत कॉलेज/विश्वविद्यालयों में नये मतदाताओं के लिये Electoral Literacy Club (New Voter) एवं माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में भविष्य के निर्वाचकों के लिये Electoral Literacy Club (Future Voter) की स्थापना की गयी है। वैसे लोग जो औपचारिक शिक्षा कार्यक्रम से बाहर हैं, उनके लिये चुनाव पाठशाला Electoral Literacy Club (Community) का गठन किया गया है। कक्षा 9, 10, 11 एवं 12 के विद्यार्थियों के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ELC से संबंधित पुस्तकें भी तैयार की गयी है। खेलों के माध्यम से मतदाता शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सांप–सीढ़ी, लुडो, पहेली से संबंधित खेल तैयार किये गये हैं एवं फ्लैक्स के माध्यम से इसे व्यापक रूप में प्रचारित किया जा रहा है। मतदाता शिक्षा हेतु विभागों एवं गैरसरकारी संगठनों एवं संस्थानों में Voter Awareness Forum का गठन किया गया है।

- भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' के अवसर पर राज्य स्तर पर, जिला स्तर पर तथा सभी मतदान केन्द्र स्थलों पर समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जहां नवपंजीकृत निर्वाचकों को मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदान कर उनका अभिनन्दन किया जाना है।

- दिनांक 25.01.2020 को अधिवेशन भवन, सिचाई भवन परिसर, पटना में राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में बिहार के माननीय मुख्य सचिव, बिहार मुख्य अतिथि हैं। स्टेट आईकॉन (निर्वाचन) श्रीमती संतोष यादव, पवर्तारोही द्वारा भाग लिया गया है।

- मुख्य अतिथि के कर कमलों से कुछ नवपंजीकृत निर्वाचकों को ईपिक वितरित किया गया, तदुपरांत शेष निर्वाचकों को अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा ईपिक वितरित किया गया।

- इस वर्ष बिहार राज्य के सभी मतदान केन्द्र स्थलों पर ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

- दिनांक 25.01.2020 को सभी जिला स्तरीय कार्यक्रमों एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रम की लाईव वेब स्ट्रीमिंग कराई गयी।

- **"Best Electoral Practices"** के तहत निम्नलिखित पदाधिकारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 2020 के अवसर पर दिनांक 25.01.2020 को राज्यस्तरीय कार्यक्रम में माननीय मुख्य सचिव, बिहार द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान किया गया है :–

1. श्री कुमार रवि, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पटना को लोक सभा आम निर्वाचन, 2019 के अवसर पर निर्वाचन संचालन से संबंधित Innovative कार्य किये जाने हेतु Best DEO Award के तहत ₹15,000/– का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।
2. श्री सुब्रत कुमार सेन, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, सारण को लोक सभा आम निर्वाचन, 2019 के अवसर पर सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक भागीदारी (SVEEP) से संबंधित उत्कृष्ट कार्य किये जाने हेतु Best DEO Award के तहत ₹15,000/– का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।
3. श्री कौशल कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नवादा को लोक सभा आम निर्वाचन, 2019 के अवसर पर PwD निर्वाचकों को मतदाता सूची में सम्मिलित किये जाने एवं उनको निर्वाचन के प्रति

जागरूक किये जाने से संबंधित उत्कृष्ट कार्य किये जाने हेतु Best DEO Award के तहत ₹15,000/– का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।

4. श्री अनिमेष कुमार पराशर, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य खाद्य निगम (तत्कालीन जिला निर्वाचन पदाधिकारी, गोपालगंज) को लोक सभा आम निर्वाचन, 2019 के अवसर पर सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक भागीदारी (SVEEP) से संबंधित उत्कृष्ट कार्य किये जाने हेतु Special Award के तहत ₹10,000/– का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।
5. श्री नरेन्द्र कुमार, प्रधान प्रणाली विश्लेषक–सह–राज्य परियोजना समन्वयक, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, पटना को लोक सभा आम निर्वाचन, 2019 के अवसर पर ELE-Traces Application एवं विभिन्न प्रपत्रों को ऑनलाईन किये जाने हेतु Special Award के तहत ₹10,000/– का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।
6. श्री प्रियरंजन राजु, अनुमंडल पदाधिकारी, मोतिहारी सदर–सह–निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 11–सुगौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2019 के तहत निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन के उपरांत सतत् अद्यतीकरण के दौरान निर्वाचक सूची में लिंगानुपात में हुई सर्वाधिक वृद्धि के लिये Best ERO/AERO के तहत ₹5,000/– का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।
7. श्री विजयन्त, अनुमंडल पदाधिकारी, विक्रमगंज–सह–निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 213–काराकाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2019 के तहत निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन के उपरांत सतत् अद्यतीकरण के दौरान 18–19 आयु वर्ग के सर्वाधिक निर्वाचकों को निर्वाचक सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु Best ERO/AERO के तहत ₹5,000/– का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।
8. श्री धीरेन्द्र कुमार मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी, अरेराज–सह–निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 14–गोविन्दगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र को सर्वप्रथम Electors Verification Programme (EVP) के शत–प्रतिशत क्रियान्वयन के लिये Best ERO/AERO के तहत ₹5,000/– का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।

- ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' के अवसर पर सभी जिलों एवं राज्य स्तरीय समारोह में उपस्थित नागरिकों को लोकतंत्र में अपनी आस्था रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गयी है।

------XXXXXX------